हरिभूमि
विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 12 अक्टूबर 2026
गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 उदिता अग्रवाल का एमबीबीएस में हुआ चयन



08 शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू, 9 दिन तक होगी...



खबर संक्षेप

आज माधवगंज चौराहे से निकलेगी ध्वज यात्रा

विदिशा। मां अन्नपूर्णा सेवा समिति द्वारा प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी मां अन्नपूर्णा दरबार, राजेंद्रगिरी लोहांगी पहाड़ी के लिए विशाल ध्वज यात्रा निकाली जाएगी। यात्रा सोमवार को दोपहर 12 बजे माधवगंज चौराहे स्थित कांच मंदिर से प्रारंभ होगी। यहां से श्रद्धालु ध्वज लेकर माता के दरबार पहुंचेंगे और पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। समिति द्वारा पिछले 12 वर्षों से लगातार इस ध्वज यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। समिति के संस्थापक महिपाल सिंह राजपूत ने सभी श्रद्धालुओं से शामिल होकर आयोजन को सफल बनाने और मां अन्नपूर्णा का आशीर्वाद प्राप्त करने अपील की है।

60 कन्याओं को पहनाईं चप्पलें

विदिशा। नवरात्रि के प्रथम दिन शहर के एक युवा समाजसेवी ने रेलवे स्टेशन क्षेत्र में तीन से 12 वर्ष तक की करीब 60 जरूरतमंद कन्याओं का पूजन किया। उन्होंने कन्याओं को चप्पलें पहनाईं और बिस्किट वितरित किए। चप्पलें मिलने पर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे। युवक ने बताया कि ये बच्चे दूसरे जिलों से विदिशा आकर खेतों और अन्य क्षेत्रों में काम करने वाले परिवारों से हैं। उन्होंने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही मां दुर्गा की सच्ची आराधना है। वे कई वर्षों से अपने निजी संसाधनों से यह सेवा कार्य कर रहे हैं। उनका लक्ष्य है कि कोई भी बच्चा नंगे पैर न रहे।

45 हजार 528 के खातों में पहुंची पेंशन की राशि

विदिशा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नरसिंहपुर से सिंगल क्लिक के माध्यम से प्रदेश के 35 लाख से अधिक पेंशन हितग्राहियों को सितंबर माह की पेंशन राशि के रूप में 213.41 करोड़ रुपए अंतरित किए। विदिशा जिले के 45,528 हितग्राहियों को प्रतिमाह कुल 2 करोड़ 79 लाख 16 हजार 800 रुपए की आर्थिक सहायता दी जा रही है। जिले में नौ सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत पात्र वृद्धजन, विधवा, परित्यक्ता, अविवाहित महिलाएं और दिव्यांगजन लाभान्वित हो रहे हैं। प्रत्येक पात्र हितग्राही को 600 रुपए प्रतिमाह दिए जाते हैं।

ग्यारसपुर में 25 से अधिक स्थानों पर सजे माता के दरबार

ग्यारसपुर। शारदीय नवरात्रि पर नगर में श्रद्धा और भक्ति का माहौल है। प्रातः 5 बजे से ही देवी मंदिरों में दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की कतारें लग रही हैं। नगर में 25 से अधिक स्थानों पर आकर्षक पंडाल सजाकर माता रानी की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं। पहाड़ी स्थित मां बिजासन देवी मंदिर सहित प्रमुख देवी दरबारों में भक्त जल अर्पित कर सुख-समृद्धि की कामना कर रहे हैं। बिजासन माता मंदिर में पिछले 40 वर्षों से नौ दिनों तक अखंड रामायण पाठ की परंपरा निभाई जा रही है।

रोशनी से जगमग शहर, जगह जगह आयोजन शुरू

बैस नदी के पास भगवान गणेश संग विराजी हैं माता गौरी, दुर्गानगर में तीन रूप बदलती हैं मां भगवती, नवरात्रि में जल रहीं 960 ज्योति

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

शहर में नौ दिवसीय नवरात्र महोत्सव की शुरूआत हो गई है। रविवार देर रात तक माता की प्रतिमाएं पंडालों तक पहुंचने का सिलसिला चलता रहा।

शहर के प्राचीन माता मंदिरों में श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया है। बैस नदी के पास 250 से भी अधिक वर्ष से भगवान गणेश संग माता गौरी के प्रतिमा विराजमान है। पुरानी मान्यताओं के मुताबिक यहां पर स्वयंभू प्रतिमा मिली थी और इनको चिरौल के पेड़ के नीचे विराजमान किया गया था। इसके बाद इस मंदिर का नाम चिरौल वाली माता के नाम से प्रसिद्ध हुआ। मंदिर से जुड़े लोग बताते हैं कि मंदिर के 250 साल के इतिहास के बारे में जानकारी है। यहां पर ब्रह्मचारी ईश्वरी नंदन ने मंदिर की स्थापना की थी। करीब 1970 में मंदिर का निर्माण हुआ था। मंदिर के पुजारी रितेश व्यास ने बताया कि मंदिर में साल भर धार्मिक आयोजन होते हैं।



दुर्गानगर मंदिर की माता दिन में तीन रूप बदलती हैं, सालों से जल रहीं अखंडे ज्योति

दुर्गानगर स्थित माता मंदिर भी शहर का अतिप्राचीन मंदिर है। यहां पर नवरात्र में अखंड ज्योति जलाई जाती हैं। कई ज्योतियां यहां सालों से जल रही हैं। ऐसा कहा जाता है कि माता दिन में तीन बार रूप बदलती हैं। दुर्गानगर स्थित इस मंदिर में मां ज्वाला देवी विराजमान है। मंदिर के मंहत रामेश्वर दयाल चतुर्वेदी ने बताया कि 1957 में यहां पर ज्वाला देवी की स्थापना हुई थी। यहां पर 960 जोत नवरात्र के दौरान जलाई गई हैं जिसमें 100 घी की ज्योति जल रही हैं। नवरात्र के दौरान दर्शनों के लिए सैकड़ों की संख्या में लोग यहां पहुंचते हैं। सिविल लाइन क्षेत्र का यह मंदिर अति प्राचीन बताया जाता है। इसके अलावा स्टेशन स्थित माता मंदिर, जेल रोड स्थित मंदिर सहित शहर के अनेक प्राचीन माता मंदिरों में श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया है।

ऐसा पहली बार: राम वनवास की झांकी में 5 दिन कथा

विदिशा। करैयाखेड़ी की गलियों में इस बार भगवान श्रीराम के वनवास की झांकी देखने को मिलेगी। मां जगदंबे की स्थापना के साथ भगवान के वनवास का चित्रण किया गया है। अयोध्या से शुरू हुई भगवान श्रीराम के वनवास के दौरान वह कहां-कहां से गुजरे थे और किस तरह से वह लंका तक पहुंचे सभी लीलाओं का चित्रण किया गया है। शिव शक्ति दरबार सेवा समिति के बैनर तले आयोजक सोनू कुशवाह और उनकी टीम ने इस झांकी को तैयार किया है। भगवान राम लक्ष्मण और मैया सीता वन के लिए निकले इसके बाद निषादराज से भेंट हुई। फिर केवट ने गंगा पार कराई इसके बाद चित्रकूट का चित्रण, पंचवटी में सीता हरण, बालि सुग्रीव और हनुमान जी से भगवान की मुलाकात, राम रावण युद्ध और राजतिलक का चित्र झांकी में दर्शाया किया गया है। नवरात्र के पहले दिन कलश यात्रा के साथ वक्त माल कथा का आयोजन किया गया।



ब्राउन शुगर के कारोबार पर विदिशा कोतवाली पुलिस का प्रहार

30 ग्राम ब्राउन शुगर के साथ स्टेडियम के पीछे से राजस्थान के 3 आरोपी गिरफ्तार

एक पल्सर बाइक और दो मोबाइल सहित 4.10 लाख रुपए का माल जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

जिले में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए राजस्थान निवासी तीन युवकों को गिरफ्तार किया है।

आरोपियों के कब्जे से 30 ग्राम ब्राउन शुगर, एक बजाज पल्सर मोटरसाइकिल और दो एंड्राइड मोबाइल जब्त किए गए हैं। जब्त सामग्री की कुल अनुमानित कीमत 4.10 लाख रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान लाल सिंह तंवर (23), करण सिंह तंवर (25), दोनों के पिता मांगीलाल तंवर, तथा सुनील तंवर (20), पिता मोहर सिंह तंवर के रूप में हुई है। तीनों राजस्थान के झालावाड़ जिले के भालता क्षेत्र के मोईकला गांव के निवासी हैं। पुलिस ने कोतवाली थाने में प्रकरण दर्ज किया है। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है। पुलिस के अनुसार पूछताछ में मादक पदार्थों के अवैध कारोबार से जुड़े अन्य लोगों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां मिली हैं। इन जानकारियों के आधार पर अन्य संलिप्त व्यक्तियों की तलाश की जा रही है। पुलिस आगे ब्राउन शुगर की खरीद-फरोख्त और आपूर्ति श्रृंखला के संबंध में भी पूछताछ करेगी। यह कार्रवाई अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और नगर पुलिस अधीक्षक अतुल सिंह के मार्गदर्शन में की गई। इसमें थाना प्रभारी निरीक्षक आनंद राज, निरीक्षक मोहर सिंह, सहायक उप निरीक्षक राम मनोहर इवने, सहायक उप निरीक्षक सिद्धांत भदौरिया तथा आरक्षक ऊर्जन सिंह राजपूत, अभिषेक मौर्य, भूपेंद्र कुर्मी और शिशुपाल सिंह दांगी की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने आमजन से अपील की है कि नशे के अवैध कारोबार से जुड़ी किसी भी गतिविधि की जानकारी मिलने पर स्थानीय पुलिस, हेल्पलाइन नंबर 7587637635 या डायल-112 पर सूचना दें। पुलिस के अनुसार, सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।



विदिशा। पुलिस गिरफ्त में आए घातक नशे ब्राउन शुगर के कारोबारी।

ब्राउन शुगर के कारोबार को नष्ट करने एक एक कड़ी जोड़ रही कोतवाली पुलिस।

पुलिस को देखकर भागने लगे आरोपी, घेराबंदी कर पकड़ा

कोतवाली पुलिस कस्बे में भ्रमण कर रही थी। इस दौरान टीम स्टेडियम के पीछे रेलवे लाइन के पास स्थित मार्ग पर पहुंची। यहां पल्सर मोटरसाइकिल पर सवार तीन व्यक्ति पुलिस वाहन को देखकर संदिग्ध गतिविधियां करने लगे और बाइक मोड़कर भागने का प्रयास किया। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए घेराबंदी की और तीनों को पकड़ लिया। तलाशी लेने पर उनके कब्जे से 30 ग्राम अवैध मादक पदार्थ ब्राउन शुगर बरामद हुई। पुलिस के अनुसार, बरामद ब्राउन शुगर की कीमत 3 लाख रुपए है।

सीएमएचओ कार्यालय में फर्जी अनुकंपा नियुक्ति के मामले ने पकड़ा तूल

सीएमएचओ कार्यालय में पदस्थ कर्मचारी के फर्जी तरीके से नियुक्ति हासिल करने का मामला, जांच की उठी मांग

किसी ने फर्जी शपथपत्र तो किसी ने विकलांगता दिखाकर नियुक्ति हांसिल की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अटैचमेंट पर पूरी तरह से रोक लगाने के स्वास्थ्य विभाग के निर्देश के बावजूद सीएमएचओ कार्यालय में मनमाने तरीके से अटैचमेंट किए जा रहे हैं। प्रशासनिक तबादलों के बाद भी कर्मचारियों द्वारा नई पदस्थापना वाले स्थान पर ज्वाइन न करने पर कार्रवाई नहीं की जा रही।

अब नया मामला अनुकंपा नियुक्ति हासिल करने के लिए फर्जी शपथ पत्र लगाने से जुड़ा सामने आया है। जिसमें नौकरी हासिल करने के लिए परिवार की गलत जानकारी देकर नौकरी हांसिल की गई। जिसकी जांच हुई तो पूरा सच उजागर हो जाएगा। जिस कर्मचारी द्वारा ऐसा किया गया उसको कई बड़े प्रभारी सौंपे गए हैं। पूरी मामले की यदि निष्पक्ष जांच हो तो सच्चाई उजागर हो जाएगी। हालांकि नियम विरुद्ध तरीके से दो-दो लेखा प्रबंधक से कार्य कराने का मामला भी सामने आ चुका है। जिस पर सीएमएचओ डॉक्टर रामहित कुमार का कहना था शासन का काम है जो हमें कराना है।

4 घंटे गुल रही बिजली, ब्रिटानिया फीडर पर सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक की गई कटौती

विदिशा। रविवार को बिजली उपभोक्ताओं को चार घंटे की कटौती का सामना करना पड़ा। बिजली कंपनी 33 केवी ब्रिटानिया फीडर पर मेंटेनेंस का काम किया गया। इसके चलते सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक इस फीडर से जुड़ी बिजली सप्लाई बंद रही। कंपनी के मुताबिक तय समय के दौरान फीडर पर रखरखाव का काम किया गया। जिसके कारण घरों के काम, दुकानों और बिजली पर निर्भर अन्य गतिविधियों पर असर पड़ा। इधर शहर में जगह जगह लटक रहीं बिजली की केवलों के कारण भी झांकियों को पंडाल तक ले जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

योग-ध्यान से अपराध समीक्षा तक, थाने में जुटी पुलिस

ई-साक्ष्य और साइबर अपराधों के प्रशिक्षण के साथ, पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य और जनसेवा पर दिया जोर

- योग-ध्यान के बाद थानों में अपराध समीक्षा बैठकें हुईं।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

विदिशा पुलिस ने रविवार को 'प्रत्येक रविवार–थाना परिवार' पहल के तहत जिले के सभी थानों, चौकियों और पुलिस कार्यालयों में विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीं।

इसका उद्देश्य पुलिसकर्मियों के स्वास्थ्य, कार्यक्षमता और जनसेवा को बेहतर बनाना रहा। पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग, प्राणायाम, विश्राम और सामूहिक ध्यान का अभ्यास किया। योग-ध्यान के बाद थानों में अपराध समीक्षा बैठकें हुईं। इनमें लंबित अपराध, मर्ग और चालान प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण के निर्देश दिए गए। साइबर अपराधों की जांच और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों के प्रभावी उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया। इसके अलावा सौ दिन से अधिक समय से लंबित मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों का समयसीमा में निराकरण करने, पुलिसकर्मियों के नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, अभिलेखों के व्यवस्थित रखरखाव और कार्यालयीन व्यवस्थाओं में सुधार पर जोर दिया गया। पहल का उद्देश्य स्वस्थ, अनुशासित और दक्ष पुलिस बल के माध्यम से आमजन को त्वरित एवं संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराना है।



चेक से भुगतान का भरोसा देकर मोबाइल ठगे, आरोपी को भोपाल से किया गिरफ्तार

पुलिस ने मोबाइल किए बरामद, बैंक खाते पर साइबर होल्ड मिलने के बाद सामने आया मामला

हरिभूमि न्यूज ⏭नटेरन

- दो मोबाइल फोन खरीदकर भुगतान के लिए आरोपी ने दुकानदार को चेक दिए थे।

चेक से भुगतान करने का भरोसा देकर दुकान से दो मोबाइल फोन लेकर धोखाधड़ी करने के मामले में नटेरन पुलिस ने आरोपी को भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर धोखाधड़ी से प्राप्त दोनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिए हैं।

पुलिस के अनुसार, ग्राम नटेरन निवासी संजीव कुशवाह ने 14 सितंबर 2026 को थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि 10 सितंबर को एक व्यक्ति उनकी दुकान से दो मोबाइल फोन खरीदकर भुगतान के लिए चेक देकर चला गया था। बाद में बैंक से जानकारी लेने पर संबंधित खाते पर साइबर होल्ड होने का पता चला। इसके बाद फरियादी ने धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी के निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोनिका तिवारी और एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में दो टीमें गठित की गईं। तकनीकी विश्लेषण के आधार पर पुलिस ने आरोपी मृदुल राजपूत (निवासी डॉ. अंबेडकर नगर, भोपाल) की पहचान की। उसे 9 अक्टूबर को बैरागढ़, भोपाल से पकड़ा गया। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

अग्रसेन जयंती: प्रभातफेरी निकाली, अग्रसेन चौक की शिलापट्टिका का लोकार्पण, निराश्रितों की सेवा

शोभायात्रा का समापन अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

अग्रवाल समाज के प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई।

अग्रवाल महासभा के अमोल अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 6 बजे प्रभात फेरी से हुई। इसके बाद बाल विहार स्थित चौराहे पर महाराजा अग्रसेन चौक की शिलापट्टिका का लोकार्पण किया गया। इसके बाद अग्रवाल महासभा की ओर से मानव सेवा न्यास में निराश्रितों को भोजन कराया गया। जयंती के अवसर पर महाराजा अग्रसेन की भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें अग्रबंधु पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। शोभायात्रा का समापन अग्रवाल धर्मशाला ट्रस्ट में हुआ। कार्यक्रम में विधायक मुकेश टंडन, नगरपालिका अध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा, व्यापार महासंघ अध्यक्ष राजेश जैन, यहां मारवाड़ी अग्रवाल पंचायत अध्यक्ष अशोक अग्रवाल, धर्मशाला ट्रस्ट अध्यक्ष मनमोहन बंसल सहित पार्षद और समाजजन उपस्थित रहे।



विदिशा। निकाली गई शोभायात्रा में बड़ी संख्या में समाजजन शामिल हुए।

देवी पंडालों में पूजा-अर्चना के साथ झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी।

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मोहनगिरी स्थित दुर्गा पंडाल में पहुंची अनोखी 'माता एक्सप्रेस'

भगवान भोलेनाथ बने ड्राइवर, गणेश जी रेल गार्ड, 9 डिब्बों में विराजे मां दुर्गा के नौ स्वरूप

शहर में शारदीय नवरात्र को लेकर आस्था और उत्साह है। इस बार मोहनगिरी तिराहा पर 'माता एक्सप्रेस' नाम की एक अनोखी झांकी बनाई गई है। इसमें भगवान भोलेनाथ को ट्रेन का ड्राइवर, भगवान गणेश को गार्ड और 9 डिब्बों में माता दुर्गा के नौ स्वरूपों को विराजित किया गया है।

शनिवार को यह आस्था की ट्रेन शहर की सड़कों से गुजरी। इसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। विदिशा रेलवे स्टेशन से शुरू होकर यह ट्रेन माधवगंज चौराह, खरीफाटक रोड, ओवरब्रिज और गल्ला मंडी से होते हुए मोहनगिरी तिराहा जंक्शन पहुंची। मोहनगिरी तिराहा पर पिछले 35 साल से झांकी लगाई जा रही है। इस बार समिति ने पारंपरिक भाप इंजन की तरह 'माता एक्सप्रेस' तैयार की है। समिति के अध्यक्ष सोनू राजपूत और सदस्य पवन पेंटर ने बताया कि 2015 से हर साल कुछ नया बनाने का संकल्प लिया गया है।

150 स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित: नवरात्र के दौरान विदिशा शहर में 150 से अधिक स्थानों पर देवी प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। झांकी समितियों ने पंडालों को सजाने के साथ ही बड़ी प्रतिमाओं को दो दिन पहले ही पंडालों तक पहुंचा दिया है। रविवार को विधि-विधान से प्रतिमाओं की स्थापना की गई। एसडीएम मनीष जैन ने बताया कि इस बार सभी देवी प्रतिमाएं मिट्टी से तैयार की गई हैं। देवी पंडालों में पूजा-अर्चना के साथ आकर्षक झांकियां श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण रहेंगी।



विदिशा। भारतीय रेल की तरह डिब्बे बनाकर सजाई गई है मां दुर्गा की झांकी।

बड़ी काली जी की झांकियां

शहर में इस बार कई स्थानों पर मां दुर्गा के कालका रूप की झांकियां सजाई गई हैं। पिछले वर्षों की बात करें तो कुछ चुनिंदा झांकी पंडाल ही ऐसे थे जहां पर मां काली की झांकियां सजाई जाती थीं, लेकिन इस बार उनकी संख्या अधिक दिखाई दे रही है। दुर्गा प्रतिमाओं की जगह मां काली का दरबार सजाया गया है। शहर में कई बड़ी झांकियां भी लगी हैं।

आरक्षित वर्ग ओबीसी, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा ने दिया समर्थन

यूजीसी बिल के समर्थन में संयुक्त मोर्चा ने सभा के बाद निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

आरक्षित वर्ग ओबीसी, एससी, एसटी संयुक्त मोर्चा के तत्वावधान में यूजीसी बिल 2026 के समर्थन में रविवार को दोपहर के समय बस स्टैंड रामलीला ग्राउंड में आमसभा एवं रैली का आयोजन किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य उच्च शिक्षा में समान अवसर, सामाजिक न्याय एवं आरक्षित वर्गों के अधिकारों के समर्थन में जनजागरण करना है।



गंजबासौदा। आमसभा के दौरान उपस्थित आरक्षित वर्ग के नागरिक



गंजबासौदा। नगर के मुख्य मार्गों से तख्तियां लेकर रैली में शामिल लोग

आमसभा के उपरांत एसडीएम अनुभा जैन को महामहिम राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया गया। इस दौरान आयोजक मंडल में समस्त सामाजिक संगठनों, ओबीसी, एससी, एसटी एवं अन्य सहयोगी वर्गों के नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। आरक्षित वर्ग ओबीसी, एससी और एसटी मोर्चा ने यूजीसी एक्ट के समर्थन में नवीन बस स्टैंड परिसर में आमसभा का आयोजन किया। इसमें वक्ताओं ने एक्ट के बारे में जानकारी देते हुए इसे लागू करने की मांग उठाई। आमसभा के बाद नगर के प्रमुख मार्गों से पैदल मार्च निकाला गया। मार्च बरेठ रोड, जयस्तंभ चौराहा, आंबेडकर चौक और नेहरू चौक से होते हुए तहसील परिसर पहुंचा। यहां एक्ट लागू करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। पैदल मार्च में शामिल लोग हाथों में तख्तियां लेकर चल रहे थे। इन पर 'हम अपना अधिकार मांगते हैं, किसी से भीख नहीं मांगते', 'जिसकी जितनी संख्या भारी, उतनी उसकी हिस्सेदारी' और 'उच्च शिक्षा में न्याय चाहिए, यूजीसी एक्ट चाहिए' जैसे नारे लिखे थे। इस दौरान उपस्थित पिछड़ा वर्ग, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति वर्ग के वक्ताओं ने कहा कि उनके अनुसार यूजीसी एक्ट किसी के विरोध में नहीं है और इसे लेकर भ्रम नहीं फैलाया जाना चाहिए। मोर्चा के सदस्य सुजीत सराठे ने कहा कि उनके अनुसार, यह विधेयक उच्च शिक्षण संस्थानों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांगजनों के हित में है। उन्होंने इसे लागू करने की मांग की।

उदिता अग्रवाल का एमबीबीएस में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



नगर के गौभक्त एवं समाजिक कार्यकर्ता नीलेश अग्रवाल और शिक्षिका मीना अग्रवाल की सुपुत्री उदिता अग्रवाल ने अपनी मेहनत और लगन से एमबीबीएस में चयनित होकर परिवार सहित पूरे नगर को गौरवान्वित किया है। उदिता की इस बड़ी उपलब्धि की जानकारी मिलते ही बधाई देने वालों का तांता लग गया। नगर के नागरिकों, समाजसेवियों, जनप्रतिनिधियों, व्यापारियों और शुभचिंतकों ने अग्रवाल परिवार को बधाई दी और उदिता के उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया गया कि उदिता प्रारंभ से ही कुशाग्र बुद्धि की छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया था। उनका सपना डॉक्टर बनकर समाज की सेवा करने का है। नीलेश अग्रवाल नगर में गौसेवा और सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते हैं। बेटी की इस सफलता पर उन्होंने कहा कि यह ईश्वर और सभी बड़ों के आशीर्वाद का फल है। बेटी की सफलता से परिवार में खुशी का माहौल है और सभी हर्षित हैं।

हनुमान चालीसा पाठ में गूंजा नशामुक्ति का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। हनुमान चालीसा पाठ में मौजूद श्रद्धालुगण

नशे के खिलाफ जनजागरण और धार्मिक चेतना को सामाजिक सरोकारों से जोड़ने की पहल के तहत हिन्दू चेतना सेवा समिति मंडल ने हनुमान चालीसा पाठ का 150वां चरण संपन्न किया। लटुरिया वाले बाग स्थित श्री मंशापूर्ण हनुमान मंदिर परिसर, मां कर्मा देवी चौराहा पर आयोजित कार्यक्रम में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के साथ नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीरामचंद्र की स्तुति से हुई। इसके बाद समिति सदस्यों और श्रद्धालुओं ने सात बार सामूहिक श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। आरती और पुष्पांजलि के साथ धार्मिक अनुष्ठान का समापन हुआ। कार्यक्रम में श्रद्धालुओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करते हुए इससे दूर रहने का आह्वान किया गया। नशे को व्यक्ति के स्वास्थ्य, पारिवारिक सुख-शांति और सामाजिक जीवन के लिए गंभीर चुनौती बताते हुए युवाओं को विशेष रूप से सतर्क रहने का संदेश दिया गया।

इस दौरान शिक्षा, खेल, संस्कार और सामाजिक सेवा के माध्यम से युवाओं की ऊर्जा को सकारात्मक दिशा देने पर जोर दिया गया। साथ ही समाज के लोगों से अपील की गई कि नशे की गिरफ्त में आए व्यक्तियों को उपेक्षित करने के बजाय उन्हें समझाएं और नशा छोड़ने के लिए प्रोत्साहित करें। नशा किसी समस्या का समाधान नहीं, बल्कि नई समस्याओं की शुरुआत है। नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए केवल जागरूकता कार्यक्रम पर्याप्त नहीं हैं, बल्कि परिवारों, युवाओं और सामाजिक संगठनों को मिलकर निरंतर प्रयास करने होंगे। हनुमान चालीसा पाठ के 150वें चरण की पूर्णता समिति की निरंतर धार्मिक गतिविधियों का महत्वपूर्ण पड़ाव रही।

आयोजन के माध्यम से धार्मिक आस्था के साथ सामाजिक जिम्मेदारी का संदेश देते हुए नशामुक्त भारत अभियान के उद्देश्य को आगे बढ़ाने पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में मंदिर पुजारी, नीतेश गोयल, मोहित प्रकाश तिवारी, लखन गुर्जर, महेंद्र पाल, नितिन अग्रवाल, दिनेश चौरसिया, लोकेश साहू, दीपेश शर्मा, गजराज राय, रोहित राज, अरनब रघुवंशी, नंदकिशोर वर्मा, मनीष सेन, लव गुर्जर, विवेक अग्रवाल, निशीकांत माथुर, हर्षित मिश्रा, सुमित शर्मा, देवांश माथुर, देव विश्वकर्मा, रितिक पांचाल, काशी साहू सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप

कच्ची शराब बेचते दो आरोपी गिरफ्तार

गंजबासौदा। कच्ची शराब की बिक्री के खिलाफ सिटी थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अलग-अलग स्थानों से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब जब्त की है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट की संबंधित धाराओं में केस दर्ज किया गया है। शहर थाना प्रभारी संजय वेदिया के अनुसार, काली पठार क्षेत्र में कच्ची शराब बेचने की सूचना मिली थी। पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर बीके रघुवंशी को पकड़ा। वह मूल रूप से ग्राम उदयरामपुर का निवासी है और वर्तमान में गोकुलधाम कॉलोनी में रहता है। पुलिस के मुताबिक वह कच्ची शराब लाकर बेचता था। इसी तरह लाल पठार क्षेत्र में भी मुखबिर से मिली सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई की। सुभाष निकेतन गली निवासी विकास राजपूत को गिरफ्तार किया गया।

लग रहा प्रतिदिन जाम

गंजबासौदा। नगर के सबसे व्यस्ततम पचमा बायपास मार्ग पर प्रतिदिन देर तक जाम लगता है। जिससे यहां के रहवासियों, दुकानदारों, राहगीरों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों दो पहिया, चार पहिया, बस, ट्रेक्टर, ट्राली, डंपर सहित अन्य वाहनों की आवाजाही होती है। जिसके चलते दिन में कई बार जाम की स्थिति निर्मित होती है। पचमा बायपास मार्ग पर रविवार को भी भारी वाहनों के फंस जाने से दिन में कई बार जाम लगा। जिससे वाहन चालकों को परेशान होना पड़ा।

फसल कटाई में मजदूरों की कमी, सोयाबीन की उपज भी निकल रही काफी कम, किसानों ने की बीमा की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





खरीफ सीजन की मुख्य फसल सोयाबीन की इन दिनों इलाके भर में कटाई एवं गहाई चल रही है। एक ओर तो मजदूरों की कमी के चलते मजदूरी 400 से 500 रूपए प्रतिदिन चल रही है, जिससे कटाई की लागत बढ़ रही है। वहीं दूसरी ओर गहाई के बाद फसलों की उपज भी किसानों को परेशान कर रही है। इलाके में अभी तक प्रति बीघा औसतन 1 से डेढ़ क्विंटल तक उपज निकल रही है। जिससे किसानों ने अब प्रशासन से उपज का आंकलन कराते हुए फसल बीमा दिलाए जाने की मांग शुरू कर दी है।

उल्लेखनीय है कि सोयाबीन की फसल शुरूआत में काफी अच्छी नजर आ रही थी। जिससे किसानों ने कीटनाशक, कचरा मार, पोषक आदि फसल में डालते हुए काफी खर्च कर दिया था। जिससे लागत बढ गई। इस बीच अनियमित बारिश के चलते सोयाबीन के पौधे काफी बढ गए लेकिन उनमें उम्मीद के अनुरूप फलन नहीं हुआ। परिणाम यह निकला कि अब जिन क्षेत्रों में सोयाबीन की फसल की कटाई एवं गहाई हो चुकी है, वहां एक से डेढ क्विंटल प्रति बीघा की उपज ही प्राप्त हो रही है। जिससे किसानों को फसल में लगाई गई लागत निकालना ही मुश्किल हो रहा है। दूसरी ओर इस बार किसानों के सामने सबसे बड़ी चुनौती मजदूरों की कमी और महंगी मजदूरी बन गई है। कटाई के लिए मजदूरों का मिलना मुश्किल हो रहा है। मजदूरी की दरें 400 से 500 रुपए तक पहुंच चुकी हैं। इतना ही नहीं, मजदूरों को प्रतिदिन डेरों से ट्रैक्टर-ट्रॉली से खेतों तक लाना और वापस छोड़ना किसानों के लिए अलग जिम्मेदारी और खर्च का कारण बन रहा है। किसानों ने बताया पांच घंटे काम और आधे घंटे भोजन विश्राम के बाद भी समय पर फसल कटाई नहीं हो पा रही है। संपन्न किसान ट्रैक्टर-चलित रीपर मशीन, हार्वेस्टर का उपयोग कर रहे हैं लेकिन छोटे किसान मजदूरों के भरोसे ही हैं।

अधिक मजदूरी और उपज कम निकलने से किसान काफी परेशान हैं। वहीं इलाके में भारतीय किसान संघ, किसान संगठन सहित अन्य किसान हितैषी संघ कार्यरत हैं, लेकिन अभी तक सोयाबीन की काफी कम उपज निकलने के बाद भी इन संगठनों ने फसल में हुए नुकसान का आंकलन कराने और बीमा का लाभ दिलाने के लिए प्रशासन के समक्ष पुरजोर तरीके से आवाज नहीं उठाई है। जिससे किसानों का रोष और आर्थिक बोझ बढता जा रहा है। किसानों ने प्रशासन से फसलों की उपज का आंकलन करवा कर बीमा योजना का लाभ दिलाने की मांग की है।

लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की हुई नीलामी



गंजबासौदा। रविवार को बरेठ रोड स्थित दादूजी प्लाजा में लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों की नीलामी हुई। टीम मालिकों ने नीलामी प्रक्रिया से खिलाड़ियों को अपनी टीम में शामिल किया। यह टूर्नामेंट पूर्व क्रिकेटर एवं पूर्व बीआरसी स्वर्गीय कपिल तिवारी की याद में 'लीजेंड्स क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन 2' के रूप में आयोजित हो रहा है। इसमें 14 टीमें होंगी और हर टीम में 15 खिलाड़ी शामिल होंगे। नीलामी के दौरान स्क्रीन पर खिलाड़ियों की फोटो और परफॉर्मेंस दिखाई गई, जिसके आधार पर मालिकों ने बोली लगाई। सबसे अधिक बोली वाले खिलाड़ी को टीम में शामिल किया गया। इस टूर्नामेंट में सिर्फ 40 साल से अधिक उम्र के खिलाड़ी ही खेलते हैं। इसका उद्देश्य उन पुराने खिलाड़ियों को वापस मैदान पर लाना है, जिन्होंने पारिवारिक जिम्मेदारियों के कारण खेल छोड़ दिया था। टूर्नामेंट की शुरुआत 12 नवंबर से होने की योजना है।

अग्रवाल समाज ने धूमधाम और उत्साह से मनाई महाराजा अग्रसेन की जयंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रविवार से शारदीय नवरात्र प्रारंभ हो गए हैं और नवरात्रि के प्रथम दिन अग्रवाल समाज के आराध्य महाराजा अग्रसेन की जयंती भी मनाई जाती है। इस कारण नगर के अग्रवाल समाज ने इस वर्ष भी इस आयोजन को पूरे श्रद्धाभाव और उत्साह के साथ मनाया। सुबह घरों में महाराजा अग्रसेन की पूजन अर्चन कर कार्यक्रम संपन्न कराए गए। वहीं शाम को पचमा रोड स्थित अग्रवाल समाज की धर्मशाला लटुरिया वाले बाग में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ समाज के वरिष्ठ जनों एवं अतिथियों ने महाराजा अग्रसेन के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया। इसके बाद सभी ने महाराजा अग्रसेन की आरती और वंदना की। सांस्कृतिक कार्यक्रमों के दौरान समाज के बच्चों, महिलाओं, युवाओं ने एक से बढकर एक धार्मिक, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों का उत्साह वर्धन भी किया गया। इस मौके पर बडी संख्या में समाज के नागरिक, युवा, बच्चे एवं मातृशक्ति उपस्थित रहीं।

साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 का तीसरा चरण रिपटा घाट हुआ आयोजित

श्रमदानियों ने रिपटा घाट से निकाला बड़ी मात्रा में कचरा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

पितरों की मुक्ति और पुण्य लाभ की कामना से नदी तट पर पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की आस्था उस समय सवालों के घेरे में आ गई, जब बेतवा नदी के रिपटा घाट पर चारों ओर गंदगी का अंबार दिखाई दिया। पितृ मोक्ष और शनिचरी अमावस्या के अवसर पर मां वेत्रवती के तट पर उतरन के कपड़े, पुराने जूते-चप्पल, प्लास्टिक कचरा और घरों का कबाड़ छोड़ दिया गया। धार्मिक आस्था के नाम पर नदी तट को कचरे के ढेर में तब्दील करने की यह तस्वीर स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के सरकारी दावों के सामने गंभीर सवाल खड़े करती है। साप्ताहिक श्रमदान अभियान 6.0 के तीसरे चरण का आयोजन रिपटा घाट पर किया गया।

इस दौरान नदी तट पर फैली गंदगी ने एक बार फिर यह सोचने पर मजबूर किया कि क्या धार्मिक अनुष्ठानों का उद्देश्य केवल पुण्य अर्जित करना है, या प्रकृति और जलस्त्रोतों की रक्षा करना भी हमारी जिम्मेदारी है? जिस मां वेत्रवती के तट पर श्रद्धालु पितरों की शांति और मोक्ष की कामना लेकर पहुंचते हैं, उसी नदी के किनारे अनुपयोगी कपड़े, जूते-चप्पल, प्लास्टिक और घरेलू कबाड़ छोड़ देना आस्था के साथ स्वच्छता के मूल भाव पर भी प्रश्नचिह्न लगाता है। क्योंकि नदी हमारी आस्था का केंद्र है, कचरा फेंकने का स्थान नहीं। धार्मिक परंपराओं का निर्वहन पर्यावरण की कीमत पर नहीं होना चाहिए। यदि प्रत्येक श्रद्धालु अपने धार्मिक अनुष्ठान के साथ नदी की स्वच्छता का संकल्प भी ले, तो मां वेत्रवती के तट को गंदगी से बचाया जा सकता है। श्रमदान अभियान के तीसरे चरण ने एक बार फिर समाज के सामने यह संदेश रखने का प्रयास किया कि नदी की स्वच्छता केवल प्रशासन या किसी अभियान दल की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। नदी को पूजना तभी सार्थक है, जब उसकी पवित्रता और स्वच्छता बनाए रखने का व्यवहार भी हमारे जीवन का हिस्सा बने। साप्ताहिक श्रमदान अभियान तीसरे चरण में बाल श्रमदानी शिवा रैकवार, कृष्णा पाठक, शुभम अग्रवाल, हिमांशु रैकवार सहित रुद्रांश सिंह, दिनेश चौरसिया, अंशुल शर्मा, संस्कार अग्रवाल एवं आकाश जैन ने सहभागिता कर नदी तट की स्वच्छता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

घटस्थापना के साथ शुरू हुई नगर में मां दुर्गा की आराधना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



गंजबासौदा। शीतला शक्तिधाम में जल चढ़ाने उमड़े श्रद्धालु।



गंजबासौदा। बद्रीनाथ धाम की तर्ज पर पाठशाला ग्राउंड में सजाया गया पांडाल।

रविवार से शारदीय नवरात्र उत्सव प्रारंभ हो गए। नवरात्रि का उत्साह नगर सहित ग्रामीण अंचलों में देखा जा रहा है। सुबह से ही बडी संख्या में श्रद्धालु देवी मां को जल चढाने मंदिरों में पहुंचने लगे थे। वहीं घरों में भी घट स्थापना के साथ देवी आराधना शुरू की गई। उधर मां दुर्गा की झांकी के लिए मंडप एवं पंडाल सजाकर देवी मां की प्रतिमा की स्थापना की गई। प्रतिमाओं की स्थापना का सिलसिला दोपहर से लेकर देर रात तक चलता रहा। अब अगले नौ दिनों तक पूरा क्षेत्र देवी मां की भक्ति में रमा नजर आएगा।

गत दिवस पितृमोक्ष अमावस्या से ही इलाके में नवरात्रि की तैयारियां शुरू हो गई थीं। नगर सहित इलाके भर में देवी मां की झांकियों के लिए पंडाल सजाए जाने लगे थे। वहीं मूर्तिकारों ने भी प्रतिमाओं को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया था। रविवार को नवरात्रि शुरू होते ही सुबह से ही श्रद्धालु मंदिरों में देवी आराधना और जल चढाने पहुंचने लगे थे। इस दौरान मंदिरों में भी देवी मां का विशेष श्रृंगार किया गया था और मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा की गई है। नवरात्र के चलते नगर के शीतला शक्तिधाम, मीलवाली माता मंदिर, बीजासन माता मंदिर सहित नगर एवं आसपास अनेक माता मंदिरों में अल सुबह से लेकर रात्रि तक श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लगी रहीं। अनेक श्रद्धालुओं द्वारा घरों में भी ज्वारे बोए गए हैं।

उधर नगर सहित ग्रामीण क्षेत्र से भी लोग पूरे उत्साह एवं उमंग के साथ देवी प्रतिमाओं को स्थापना के लिए ले जाते नजर आए। वहीं ग्रामीण क्षेत्र से लोग ट्रैक्टर ट्रॉलियों, लोडिंग वाहनों और बाइक पर प्रतिमाओं को ले जाते रहे। पर्व को लेकर बच्चों में भी विशेष उत्साह नजर आ रहा है। दोपहर से देर शाम तक सभी पंडालों में देवी प्रतिमाओं की विधि विधान से स्थापना का सिलसिला चलता रहा। वहीं घरों में भी श्रद्धालुओं ने घट स्थापना कर दुर्गा सप्तसती का पाठ करते हुए और कन्या भोज के साथ देवी आराधना शुरू कर दी है। अब अगले नौ दिनों तक देवी आराधना का सिलसिला जारी रहेगा और प्रतिदिन आयोजन होंगे।

खबर संक्षेप

लेखा प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा 29 नवंबर को

सागर। आयुक्त कोष एवं लेखा मप्र भोपाल के निर्देश पर लेखा प्रशिक्षण शाला के प्रशिक्षणार्थियों की विभागीय परीक्षा वर्ष 2026 का आयोजन 29 नवंबर को यूआईटी, राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय भोपाल में किया जाएगा। इस संबंध में प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर ने आदेश जारी किया है। आदेश के अनुसार सागर संभाग के समस्त कार्यालय प्रमुख नियमित रूप से लेखा प्रशिक्षण प्राप्त लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारियों के परीक्षा आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में तीन मूल प्रतियों में भरवाकर 13 अक्टूबर को शाम 6 बजे तक कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षण शाला सागर में स्वयं उपस्थित होकर जमा कराना सुनिश्चित करें। आवेदन पत्र में किसी भी प्रकार की त्रुटिपूर्ण जानकारी के लिए आवेदक एवं अग्रेषणकर्ता अधिकारी उत्तरदायी होंगे।

छात्रवृत्ति योजना वर्ष 2025-26 हेतु आवेदन आमंत्रित

सागर। राज्य सैनिक बोर्ड द्वारा शैक्षणिक सत्र 2025-26 के अंतर्गत छात्रवृत्ति हेतु जिले में निवासरत पूर्व सैनिकों के आश्रित बच्चों एवं पूर्व सैनिक विधवाओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक आवेदक कक्षा 1 से स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम तक के लिए अपना आवेदन दिनांक 23 नवम्बर 2026 तक जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर में ऑनलाइन प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।अधिक जानकारी एवं आवेदन प्रक्रिया हेतु जिला सैनिक कल्याण कार्यालय, सागर से संपर्क किया जा सकता है।

कृषक कल्याण वर्ष में प्राकृतिक खेती से समाज का विकास संभव

सागर। कलेक्टर सह अध्यक्ष आत्मा गर्वनिंग बोर्ड सागर के निर्देशन में प्राकृतिक खेती पर आधारित आत्मा परियोजनान्तर्गत विकासखंड स्तरीय कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टेहरा टेहरी, विकासखंड जैसीनगर, जिला सागर मे किया गया। उक्त कार्यक्रम में वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख कृषि विज्ञान केंद्र देवरी डॉ. आशीष त्रिपाठी, कृषि स्थाई समिति के सभापति सौरभ शुक्ला, शोभाराम पटेल, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी जैसीनगर राघवेंद्र सिंह राजपूत, विकासखंड तकनीकी प्रबंधक जैसीनगर शैलेष पाण्डेय, सहायक तकनीकी प्रबंधक सागर लोकेंद्र जाटव,कृषि विस्तार अधिकारी जैसीनगर अखिलेश पाटीदार, मेसर्स प्रो एग्रो के मार्केटिंग हेड रामसेवक कुशवाह, सीआरपी लक्ष्मी पटेल एवं श्रीमति माया पटेल, प्रगतिशील किसान धर्मेंद्र पटेल, मैनेज हैदराबाद से प्रशिक्षित कृषि उद्धमियों सहित 125 से अधिक कृषकों की उपस्थिति मे सपन्न हुआ। वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ त्रिपाठी ने प्राकृतिक खेती और जैविक खेती को विस्तार से समझाया, साथ में उन्नत तरीके से खेती के साथ-साथ कम से कम 1 एकड़ में प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए किसानों से अनुरोध किया तथा किसानों को प्राकृतिक खेती को विस्तार से किसानों के बीच में रखकर उदाहरण सहित जीवामृत, बीजामृत, घन जीवामृत, नीमास्त्र अग्निअस्त्र आदि के बारे में विस्तार से जानकारी साझा की।

राजीव जैन सैनानी बोले: मीडिया की स्वतंत्रता और पत्रकारिता के नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में उनका योगदान उल्लेखनीय

प्रदीप कुमार जैन के भारतीय प्रेस परिषद में पुनः सदस्य मनोनीत होने पर आईजा ने दी बधाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



वरिष्ठ पत्रकार प्रदीप कुमार जैन को भारत सरकार द्वारा भारतीय प्रेस परिषद में पुनः सदस्य मनोनीत किए जाने पर पत्रकारिता जगत में हर्ष का माहौल है। उनकी इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) के प्रदेश अध्यक्ष एवं अधिवक्ता राजीव जैन सैनानी ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

उन्होंने कहा कि प्रदीप कुमार जैन का भारतीय प्रेस परिषद में पुनः सदस्य मनोनीत होना उनके लंबे पत्रकारिता अनुभव, कार्यक्षमता और मीडिया जगत में उनके महत्वपूर्ण योगदान का सम्मान है। राजीव जैन सैनानी ने कहा कि प्रदीप कुमार जैन ने लंबे समय से पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करते हुए अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की है। पत्रकारिता के प्रति उनकी प्रतिबद्धता, अनुभव और मीडिया से जुड़े विभिन्न विषयों पर उनकी समझ उन्हें एक विशिष्ट स्थान प्रदान करती है। भारतीय प्रेस परिषद में पुनः सदस्य के रूप में मनोनयन उनके कार्यों और अनुभव पर विश्वास को दर्शाता है। यह उपलब्धि न केवल उनके लिए, बल्कि संपूर्ण पत्रकारिता जगत के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में मीडिया की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वतंत्र, निष्पक्ष और जिम्मेदार पत्रकारिता लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत बनाने के साथ ही आम नागरिकों की आवाज को उचित मंच प्रदान करती है। भारतीय प्रेस परिषद की भूमिका देश में प्रेस की स्वतंत्रता की रक्षा करने तथा समाचार पत्रों और समाचार एजेंसियों के कामकाज में पत्रकारिता के नैतिक मानकों को बनाए रखने एवं उनमें सुधार को प्रोत्साहित करने के लिहाज से महत्वपूर्ण है। ऐसे में इस प्रतिष्ठित संस्था में प्रदीप कुमार जैन का पुनः मनोनयन पत्रकारिता के क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि है। राजीव जैन सैनानी ने कहा कि प्रदीप कुमार जैन ने अपने लंबे अनुभव और सक्रिय भूमिका के माध्यम से मीडिया जगत में उल्लेखनीय योगदान दिया है। उनके इस महत्वपूर्ण दायित्व से पत्रकारिता से जुड़े मुद्दों को और मजबूती मिलने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि देश में पत्रकारिता की विश्वसनीयता, स्वतंत्रता और निष्पक्षता बनाए रखना समय की आवश्यकता है। इसके लिए अनुभवी और जिम्मेदार पत्रकारों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहती है।

आईजा द्वारा आयोजित किया जाएगा सम्मान समारोह

प्रदीप कुमार जैन की इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए राजीव जैन सैनानी ने घोषणा की कि ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन (आईजा) की ओर से आगामी दिनों में उनका भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। समारोह में पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान और भारतीय प्रेस परिषद में पुनः सदस्य मनोनीत होने की उपलब्धि का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आईजा पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले वरिष्ठ पत्रकारों का सम्मान करने और पत्रकारों के बीच आपसी सहयोग एवं सकारात्मक संवाद को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। राजीव जैन सैनानी ने विश्वास व्यक्त किया कि प्रदीप कुमार जैन अपने अनुभव और दायित्वों के माध्यम से पत्रकारिता की गरिमा को मजबूत करने तथा मीडिया की स्वतंत्रता और नैतिक मूल्यों को बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते रहेंगे। उन्होंने एक बार फिर उन्हें इस उपलब्धि पर बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

गाजे-बाजे के साथ पंडालों में लाई गईं प्रतिमाएं, मंदिरों में सुबह से लगी भक्तों की कतारें

नवरात्र के पहले दिन महामाई मंदिर में उमड़े श्रद्धालु, नगर में 80 स्थानों पर विराजीं माता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज



शक्ति की आराधना का महापर्व शारदीय नवरात्र रविवार से धार्मिक उल्लास और भक्तिमय वातावरण में शुरू हुआ। नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में नवरात्रि को लेकर खासा उत्साह दिखाई दिया। सुबह से ही देवी मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ने लगी।

भक्तों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर माता रानी से परिवार की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। वहीं नगर में करीब 70 से 80 स्थानों पर आकर्षक पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाएं विराजमान की गईं। नगर के प्रसिद्ध डांगवाली माता महामाई मंदिर में नवरात्रि के पहले दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचे। सुबह से ही भक्तों के आने का सिलसिला शुरू हो गया, जो दिनभर जारी रहा। श्रद्धालुओं ने जल, पुष्प, नारियल और प्रसादी अर्पित कर माता रानी की पूजा-अर्चना की। इसी तरह कठाली बाजार स्थित शीतला माता मंदिर, छिपेटी बाजार स्थित माता मंदिर सहित अन्य देवी दरबारों में भी भक्तों की कतारें लगी रहीं।

गाजे-बाजे के साथ पंडालों में पहुंचीं प्रतिमाएं

नवरात्र के पहले दिन दोपहर बाद मूर्तिकारों के यहां से मां दुर्गा की प्रतिमाएं लेने के लिए विभिन्न उत्सव समितियों के सदस्य पहुंचे। भक्त ढोल-नगाड़ों और गाजे-बाजे के साथ माता रानी की प्रतिमाओं को अपने-अपने पंडालों में लेकर आए। यहां शुभ मुहूर्त में विधि-विधान से घट स्थापना और प्रतिमा स्थापना की गई। नगर के विभिन्न वार्डों में सजाए गए पंडाल रंग-बिरंगी रोशनी से जगमगा उठे। वहीं नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धालुओं ने मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना कर पर्व की शुरुआत की। कई भक्तों ने नौ दिनों तक व्रत रखने का संकल्प लिया, तो घरों और मंदिरों में दुर्गा पाठ, आरती और मंत्रोच्चार किए गए। माता मंदिरों और दुर्गा पंडालों में दिनभर धार्मिक माहौल बना रहा। नवरात्र पर्व के चलते नगर में उत्सव जैसा वातावरण दिखाई दिया। आगामी नौ दिनों तक मंदिरों और पंडालों में श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी रहने की उम्मीद है।

शासकीय बालक उ.मा. विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रचा इतिहास

मेडिकल, आईआईटी सहित शीर्ष शिक्षण संस्थानों में हुआ चयन



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के होनहार विद्यार्थियों ने राष्ट्रीय स्तर की प्रवेश परीक्षाओं में परचम लहराते हुए देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में प्रवेश हासिल किया है। संस्था प्राचार्य के. के. बानी के कुशल मार्गदर्शन एवं विषय शिक्षकों के सतत प्रयासों से विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय सफलता अर्जित की है। चयनित छात्र-छात्राओं में धनंजय दुबे का चयन गांधी मेडिकल कॉलेज भोपाल (एमबीबीएस) एवं स्वेच्छा धाकड़ का चयन शासकीय मेडिकल कॉलेज विदिशा (एमबीबीएस) के लिए हुआ है। वहीं फाल्गुनी साहू ने आईआईटी जोधपुर, वेद भार्गव ने मैनिट भोपाल तथा आर्ची ठाकुर ने सीयूईटी के माध्यम से इग्नू बेंगलुरु में प्रवेश प्राप्त कर विद्यालय व क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। विद्यार्थियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर प्राचार्य के. के. बानी सहित समस्त विद्यालयीन स्टाफ एवं नगरवासियों ने विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

काम न करने वाले पटवारियों पर होगी सख्त कार्रवाई: सागर। स्वामित्व योजना के कार्यों में लापरवाही बरतने और हितग्राही मूलक योजनाओं के क्रियान्वयन संबंधी लापरवाही पर वाले पटवारियों के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाएगी।

जो शास्त्रों में निषेध है वह नहीं करना चाहिए: मुनि विमल सागर

अखंड जैन समाज का जिला स्तरीय सम्मेलन सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

नगर में 11 अक्टूबर रविवार को अखंड जिला जैन परिषद के तत्वाधान में वृद्ध जिला स्तरीय सम्मेलन का आयोजन मुनि विमल सागर अनंत सागर महाराज के सानिध्य में सम्पन्न हुआ। आयोजित सम्मेलन में जिले के सिलवानी, गैरतगंज, बेगमगंज, सांची, मंडीदीप, बम्होरी, सुल्तानपुर, बाड़ी, देवरी उदयपुरा, जमनिया रायसेन, खरगोन, ओबेदुल्लागंज, देहगांव, सहित जिले से बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम के प्रारंभ में बड़े बाबा और आचार्य विद्यासागर महाराज के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में आगंतुक अतिथियों का अंग वस्त्र से सम्मान किया गया तत्पश्चात मुनि अनंत सागर महाराज के द्वारा समाज को दिशा देने के के उद्देश्य धर्म उपदेश दिए गए उन्होंने समाज से अपील की है कि पश्चात संस्कृति के चक्कर में आकर आगम के बताए हुए मार्ग से ना भटके ।

दुख का कारण : उन्होंने कहा वर्तमान में जो साधन हमारी सुविधा के लिए है वह साधन हमारे लिए दुख का कारण बन रहे हैं। आज कोई मेहनत नहीं करना चाहता सब कुछ सीधा चाहिए जिसके कारण समय से पहले तमाम बीमारियों की गिरफ्त में आ रहे हैं। देखो एक नया चलन देखने में आया है बच्चा रोता है तो मन को उसे चुप करने की फुर्सत नहीं है बच्चों को चुप करने के लिए मोबाइल दे दिया जाता है लेकिन यह नहीं जान रहे कि आगामी इसके दुष्परिणाम क्या होंगे।

अंधी दौड़- मुनि विमल सागर महाराज ने रात्रि में शादी भोजन और बारात लगने का पुरजोर विरोध करते हुए समाज जनों से कहा कि एक समय था जब सूर्य अस्त से पहले समस्त वैवाहिक कार्यक्रम संपन्न होते थे। लेकिन वर्तमान की अंधी दौड़ में समाज किस दिशा में जा रहा है यह विचारणीय है। उन्होंने कहा कि रात्रि में आयोजित होने वाले वैवाहिक या अन्य कार्यक्रम जिसमें व्यक्ति को आर्थिक नुकसान के साथ-साथ कई उन्होंने कहा कि रात्रि में आयोजित होने वाले वैवाहिक या अन्य कार्यक्रम जिसमें व्यक्ति 4 घंटे के लिए लाखों रुपए नाम के लिए खर्च कर देता है साथ-साथ अनंत पापों का बंध होता है। रात्रि में आयोजित कार्यक्रम के दौरान लाखों की संख्या में सूक्ष्मजीवों की हिंसा होती है। इन सभी पापों से बचने के लिए जरूरी है कि रात्रि में आयोजित कार्यक्रम समाज के द्वारा बंद किए जाएं।

जनगणना 2027 को लेकर प्रशिक्षण 12 से 15 अक्टूबर तक

सागर । जनगणना 2027 के द्वितीय चरण अंतर्गत जनसंख्या गणना कार्य को समय-सीमा में पूरा करने के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। निदेशालय मध्यप्रदेश भोपाल के पत्र दिनांक 6 फरवरी 2026 के संदर्भ में जनगणना 2027 के प्रथम चरण में मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य 1 मई से 30 मई 2026 तक मध्यप्रदेश में संपादित किया जा चुका है, जबकि द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना फरवरी 2027 में की जानी है। इस कार्य को समय पर संपन्न कराने के लिए विभिन्न स्तरों पर अधिकारियों का प्रशिक्षण आवश्यक है। इसी अनुक्रम में दो दिवसीय प्रशिक्षण दिनांक 12 अक्टूबर से 15 अक्टूबर 2026 तक प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से शाम 6 बजे तक कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष सागर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत 12 एवं 13 अक्टूबर को जिला जनगणना अधिकारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी एवं जिला कार्यालय के जनगणना लिपिक के साथ-साथ चार्ज अधिकारी ग्रामीण के रूप में समस्त तहसीलदार एवं जनगणना चार्ज अधिकारी ग्रामीण, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना तथा चार्ज कार्यालय के जनगणना लिपिक एवं तकनीकी सहायकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मूलभूत सुविधाओं के सर्वेक्षण के निर्देश

ग्राम पंचायत कैलकच्छ में गरीबी-मुक्त ग्राम की अवधारणा पर ग्रामीणों से संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल द्वारा जारी पत्र के परिप्रेक्ष्य में ग्राम पंचायत कैलकच्छ में गरीबी-मुक्त ग्राम की अवधारणा को लेकर बैठक एवं ग्रामीणों से संवाद आयोजित किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के ग्रामीण रोजगार प्रभाग के निर्देशानुसार C-TARA फेलो के क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान ग्रामीण परिवारों की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, आजीविका के साधनों तथा गांव में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की जानकारी प्राप्त करने पर विशेष जोर दिया गया।

बैठक में भारत सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, मंत्रालय, नई दिल्ली के प्रोजेक्ट ऑफिसर श्री संदीप चौधरी ने ग्रामीणजनों से संवाद कर ग्राम पंचायत को गरीबी-मुक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने के संबंध में चर्चा की। उन्होंने महिलाओं की समस्याओं, आजीविका के साधनों, रोजगार के अवसरों तथा आर्थिक सशक्तीकरण की संभावनाओं की जानकारी प्राप्त की। साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र को सर्वसुविधायुक्त एवं आदर्श केंद्र के रूप में विकसित करने तथा महिलाओं एवं बच्चों के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

होगा सर्वेक्षण- चौधरी ने ग्राम पंचायत के सभी वार्डों में सर्वेक्षण दल गठित कर ग्रामीण परिवारों की वास्तविक आवश्यकताओं का आकलन करने के निर्देश दिए। सर्वेक्षण में महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति, 50 वर्ष से अधिक आयु के बुजुर्ग दंपतियों की परिस्थितियों, परिवारों की आजीविका तथा गांव में सड़क, पेयजल, स्वच्छता, आवास एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता और कमियों की जानकारी संकलित की जाएगी। ग्राम की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं आशा कार्यकर्ताओं को भी निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं, बच्चों, गर्भवती एवं धात्री माताओं तथा जरूरतमंद परिवारों की स्थिति की जानकारी संकलित करने में सहयोग करें। कुपोषण, स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं, पोषण आहार, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का लाभ मिलने की स्थिति का आकलन करें। साथ ही कमजोर एवं जरूरतमंद परिवारों की पहचान कर उनकी आवश्यकताओं को सर्वेक्षण में शामिल करें, ताकि गरीबी-मुक्त ग्राम की कार्ययोजना तैयार करते समय स्वास्थ्य, पोषण एवं महिला-बाल विकास से संबंधित आवश्यकताओं को प्राथमिकता दी जा सके।

इनकी रही उपस्थिति

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत बाड़ी दानिश अहमद खान, जिला पंचायत रायसेन के परियोजना अधिकारी अखिलेश द्विवेदी, सीनियर डाटा मैनेजर श्री राजा विश्वकर्मा, लेखा अधिकारी अवधेश गौतम, सहायक यंत्री खुलेश इवने, एनआरएलएम प्रबंधक श्री सचिन साहू, मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की विकासखंड समन्वयक श्रीमती सविता कावरे तथा महिला एवं बाल विकास विभाग, बरेली की पर्यवेक्षक श्रीमती शैलेंद्री व्यास सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

---

40 स्थानों पर देवी प्रतिमाओं की स्थापना, नवरात्रि पर्व शुरू

शक्ति की भक्ति आराधना में सुबह जल चढ़ाने से दिन की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली



आदि शक्ति मां दुर्गा की भक्ति आराधना और साधना का नौ दिवसीय शारदीय नवरात्रि पर सुबह-सुबह मां दुर्गा की प्रतिमाओं पर जल चढ़ाने के साथ प्रारंभ हुआ। रविवार को नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में धूमधाम से मां दुर्गा की प्रतिमाएं ले जाने छोटे-छोटे चल समारोह निकलते रहे। नगर में 40 से अधिक सार्वजनिक स्थानों पर सजी झांकियों और विशाल पंडालो में देवी प्रतिमाओं की शुभ मुहूर्त में स्थापना कर नवरात्रि महापर्व शुरू हो गया।

नगर के साथ तहसील की सबसे बड़े ग्राम व्यापारिक केंद्र कस्बा खरगोन ग्राम भोडिया कामतोन धोखेड़ा नयागांव कलां महेश्वर बाग पिपारिया अलीगंज ऊटिया छावारा सहित अन्य ग्रामों में झांकी बनाकर देवी प्रतिमाएं स्थापित कर शक्ति की भक्ति आराधना साधना देवी भक्तों द्वारा प्रारंभ की गई।

सजे माता रानी के दरबार

नगर में बस स्टैंड कीनगी रोड नाहर कॉलोनी नाहर नगर डागोर मोहल्ला पकोरी पुरा चौधरी चौक होली चौक चेनपुर रोड उदयपुरा नाका पावर हाउस दाल मिल रोड छोटा बाजार में बड़े-बड़े पंडाल सजाकर मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना का दिनभर दोर चलता रहा।

सड़क सुरक्षा एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

गढ़ाकोटा। शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गढ़ाकोटा में सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सड़क सुरक्षा अभियान एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रम प्राचार्य डॉ घनश्याम भारती की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मंच संचालन डॉ. पवन कुमार शर्मा द्वारा किया गया। डॉ.घनश्याम भारती ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को सड़क पर चलते समय तथा वाहन चलाते समय सजग रहने की आवश्यकता है। मतदाता जागरूकता के संदर्भ में उन्होंने कहा कि 18 वर्ष या उससे अधिक के सभी युवाओं को अपने नाम मतदाता सूची में जुड़वाकर अपना मतदाता परिचय पत्र अनिवार्य रूप से बनवाना चाहिए। कार्यक्रम की नोडल प्रभारी रश्मि कुर्मी ने कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ

गुरुकुल में शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन हुआ मां गायत्री महायज्ञ, वैदिक मंत्रोच्चार से गूंजा परिसर



हरिभूमि न्यूज ⏭ बरेली

शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व के प्रथम दिन गुरुकुल प्रांगण में श्रद्धा, उल्लास और वैदिक परंपरा के अनुसार मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना एवं मां गायत्री महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर संपूर्ण विद्यालय परिसर वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की पावन सुगंध से भक्तिमय हो उठा।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती और मां गायत्री के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण के साथ हुआ। इसके पश्चात गायत्री संस्थान हरिद्वार से पधारे पंडित शरदचंद्र मिश्रा और विद्यालय के शिक्षकों के सानिध्य में विद्यार्थियों व समस्त स्टाफ ने सामूहिक रूप से गायत्री मंत्र एवं नवार्ण मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ कुंड में पूर्ण आहुतियां समर्पित कीं। हवन के माध्यम से सभी ने मां भगवती से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, सद्बुद्धि और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर संस्था प्रमुख ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि नवरात्रि का पर्व केवल उपवास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह आत्म-शुद्धि, शक्ति संचय और सकारात्मक ऊर्जा के जागरण का प्रतीक है। गायत्री महायज्ञ से वातावरण की शुद्धि के साथ-साथ विद्यार्थियों में एकाग्रता और उच्च संस्कारों का विकास होता है। यज्ञोपरांत मां भगवती की भव्य आरती उतारी गई तथा उपस्थित सभी शिक्षकों, स्टाफ सदस्यों और छात्र-छात्राओं को प्रसाद वितरित किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम के दौरान पूरा विद्यालय परिवार भक्ति भाव में सराबोर नजर आया।

केवल अत्यंत अपरिहार्य स्थिति में ही मिलेगी मंजूरी, आईजी स्तर से होगा अनुमोदन

त्योहारों को लेकर पुलिस अलर्ट, 15 दिन छुट्टियों पर प्रतिबंध, 25 तक नहीं मिलेगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शारदीय नवरात्र, दशहरा एवं दीपावली पर्व के दौरान पुलिस सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने और शांति बनाए रखने के लिए पुलिस मुख्यालय भोपाल ने बड़ा कदम उठाया है। विशेष शाखा द्वारा जारी एक आधिकारिक आदेश के तहत प्रदेशभर के समस्त पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों की छुट्टियों पर तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी गई है। एसपी आशुतोष गुप्ता एएसपी दीपक नायक ने बताया कि यह प्रतिबंध 11 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक प्रभावी रहेगा। इस अवधि के दौरान दुर्गा झांकी पंडालों, गरबा आयोजनों, और दशहरा उत्सव के मद्देनजर पुलिस बल की शत-प्रतिशत तैनाती सुनिश्चित की जाएगी। आदेश में स्पष्ट किया गया है कि केवल अत्यंत अपरिहार्य या आपातकालीन परिस्थितियों में ही अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। निचले स्तर के पुलिस कर्मियों कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए सीमित अवधि के लिए अवकाश की स्वीकृति संबंधित जिले के पुलिस अधीक्षक अथवा पुलिस महानिरीक्षक के स्तर से ही मिल सकेगी। वहीं वरिष्ठ स्तर के अधिकारियों के लिए अवकाश की स्वीकृति के लिए पुलिस महानिदेशक का पूर्व अनुमोदन अनिवार्य होगा।

बैठकों का सिलसिला जारी-गौरतलब है कि शारदीय नवरात्रि पर्व 11 अक्टूबर से है। त्योहारों के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों, गरबा



पंडालों और जुलूस मार्गों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात रहेगा, ताकि सुरक्षा में किसी भी प्रकार की चूक न हो। दुर्गोत्सव त्योहार को लेकर डीजे संचालकों, आयोजन समितियों, शांति समितियों की बैठकें हो रही हैं, जिसमें व्यवस्थाओं को लेकर दिशा-निर्देश दिए जा रहे हैं।

शारदीय नवरात्रि पर रायसेन में पुलिस का फ्लैग मार्च

शारदीय नवरात्रि पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से रायसेन जिला व पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी कड़ी में शाम करीब 7 बजे शहर में पुलिस द्वारा भव्य फ्लैग मार्च निकाला गया। यह फ्लैग मार्च एसडीएम मनीष शर्मा के नेतृत्व में निकाला गया। इसमें थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल सहित पुलिस के अधिकारी एसडीओपी रायसेन,सैकड़ों जवान शामिल हुए। फ्लैग मार्च थाना परिसर से प्रारंभ हुआ और शहर के मुख्य बाजार, बस स्टैंड, सागर भोपाल तिराहा, पुराना बाजार, पटेल मार्केट सहित संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले इलाकों से होकर गुजरा। फ्लैग मार्च के दौरान पुलिस अधिकारियों ने आमजनों से अपील की कि शारदीय नवरात्रि का पर्व आपसी भाईचारे, शांति और उल्लास के साथ मनाएं। किसी भी तरह की अफवाह पर ध्यान न दें। यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि नजर आए तो तुरंत पुलिस को सूचना दें। पुलिस हर समय आपकी सुरक्षा के लिए तत्पर है।

सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए

एसडीएम मनीष शर्मा ने बताया कि नवरात्रि के दौरान शहर के सभी दुर्गा झांकी पंडालों और गरबा डांडिया स्थलों पर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। हर पंडाल पर पुलिस बल तैनात रहेगा और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी की जाएगी। महिला पुलिसकर्मियों की भी विशेष ड्यूटी लगाई गई है। कोतवाली थाना प्रभारी नरेंद्र गोयल ने बताया कि फ्लैग मार्च का मुख्य उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का विश्वास पैदा करना और असामाजिक तत्वों को सख्त संदेश देना है। त्योहार के दौरान हुड़दंग, नशाखोरी या किसी भी प्रकार की अराजकता फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस की यह पहल शहरवासियों में चर्चा का विषय बनी हुई है। कोतवाली टीआई नरेंद्र गोयल ने बताया कि दुर्गोत्सव के दौरान झांकी आयोजक और ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारी मिलजुलकर निगरानी रखेंगे।

इनका कहना है

त्योहार में सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने के लिए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अवकाश पर रोक लगा दी गई है। यह प्रतिबंध 15 दिनों के लिए लगाया गया है। त्योहार शांतिपूर्ण एवं सद्भाव के साथ मनाए जाएं, इसके लिए बैठकें हो रही हैं। दुर्गा झांकी पंडालों में आयोजकों के साथ पुलिस भी ड्यूटी करेगी।
आशुतोष गुप्ता एसपी रायसेन।

सर्वार्थ सिद्धि और रवि योग के संयोग पर हुई घट स्थापना

शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू, 9 दिन तक होगी आदिशक्ति के नौ रूपों की पूजा





हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शुभ मुहूर्त में कलश स्थापना के साथ रविवार से शारदीय नवरात्रि की शुरुआत हो गई है। सनातन हो हिंदू धर्म में शारदीय नवरात्र का काफी महत्व माना गया है। 9 दिन तक चलने वाले नवरात्रि के त्योहार में श्रद्धाभाव से जगत जननी आदिशक्ति मां दुर्गा के नौ स्वरूपों की पूजा देवी भक्तों के द्वारा की जाती है। शक्ति स्वरूपा मां दुर्गा के निमित्त व्रत भी देवी भक्तों के द्वारा पूरे नौ दिन तक विधि-विधान के साथ रखा जाता है। धर्मशास्त्री पं. ओमप्रकाश शुक्ला, राममोहन चतुर्वेदी बताते हैं कि इस बार शारदीय नवरात्रि पर्व में माता रानी हाथी पर सवार होकर आई और घोड़े पर बैठकर विदाई लेंगीं । इस बार शारदीय नवरात्रि का रविवार के दिन प्रारंभ होना सूर्य के तेज और मां दुर्गा के असीम ऊर्जा का प्रतीक है।

घट स्थापना का शुभ मुहूर्त-कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 6:20 बजे से 10:15 बजे तक घट की स्थापना हुई। अभिजीत मुहूर्त सुबह 11:45 से दोपहर 12:35 बजे तक दुर्गा मां काली प्रतिमाओं की स्थापना हुई। उन्होंने बताया कि इस बार शारदीय नवरात्रि का रविवार के दिन प्रारंभ होना सूर्य के तेज और मां दुर्गा के असीम ऊर्जा का प्रतीक है। घट स्थापना पर सर्वार्थ सिद्धि योग और रवि योग का अद्भुत संयोग बना ।

नगर के झांकी पंडाल में पहुंची मां दुर्गा की प्रतिमाएं-नगर में रविवार से शारदीय शारदीय नवरात्रि पर्व को लेकर युवाओं में उत्साह का माहौल है। शनिवार शाम मां दुर्गा की प्रतिमा पंडाल में पहुंची। इस दौरान भक्तों ने रविवार की देर शाम डीजे ढ़ोलनगाड़ों के भक्ति गीतों पर नाचते-गाते हुए दुर्गा मां काली की प्रतिमा का स्वागत किया। रविवार से शारदीय नवरात्रि पर्व शुरू हुए। जिसके लिए झांकी आयोजक और श्रद्धालु कई दिनों से तैयारियों में जुटे हैं। नगर में अलग-अलग जगहों पर लगभग 65 मां दुर्गा के लिए छोटे बड़े झांकी पंडाल सजाए जा रहे हैं। दुर्गा झांकी पंडालों को आकर्षक रूप भी दिया जा रहा है।

दुर्गा जी मां काली की प्रतिमाओं के पहुंचने के बाद पंडाल में शारदेय नवरात्रि उत्सव की रौनक बढ़ गई है। श्रद्धालु पूजा-पाठ और दूसरे धार्मिक आयोजनों की तैयारियों को अंतिम रूप दे रहे हैं। वैसे भी शारदीय नवरात्र पर्व हिंदू धर्म का एक खास त्योहार है। इसमें नौ दिनों तक मां दुर्गा के नौ रूपों की पूजा होती है। देवी भक्त व्रत रखते हैं और सुख-समृद्धि की कामना करते हैं। रविवार को सुबह और दोपहर में देवी भक्त विदिशा भोपाल सहित रायसेन शहर के विभिन्न क्षेत्रों से दुर्गा मां काली प्रतिमाओं को डीजे ढ़ोलनगाड़ों के बीच झांकी पंडालों तक लेकर पहुंचे। दोपहर बाद पंडालों में हवन पूजन के साथ मंत्रोच्चार के बीच प्रतिमाओं की स्थापना और घटो की स्थापना की गई।

प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा हुई

शारदीय नवरात्रि के त्योहार के पहले दिन श्रद्धालु विधि-विधान से कलश स्थापना कर मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की पूजा-अर्चना की गई।इसके साथ ही कई पूजा स्थलों दुर्गा देवी मंदिरों पर दुर्गा सप्तशती अष्टमी का पाठ शुरू हुआ।धार्मिक मान्यता के अनुसार मां शैलपुत्री की आराधना से सुख-समृद्धि और शुभ कार्यों में सफलता की कामना की जाती है। दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा होगी। मां ब्रह्मचारिणी को तप, त्याग, संयम और साधना का प्रतीक माना जाता है। श्रद्धालु दोनों स्वरूपों की आराधना कर परिवार की सुख-शांति और मंगलमय जीवन की प्रार्थना करेंगे।

मोहल्लों और चौराहों पर सज गए पंडाल

शहर के विभिन्न मोहल्लों और कालोनियों,प्रमुख चौराहों पर दुर्गा पूजा समितियों के झांकी पंडालों को आकर्षक रूप देने में जुटी हुई हैं। कहीं सजावटी लाइटिंग की व्यवस्था की जा रही है तो कहीं मां दुर्गा की प्रतिमाओं को स्थापित करने के लिए मंच तैयार किए जा रहे हैं। नवरात्र पर्व के पहले दिन प्रतिमा स्थापना के साथ ही पूजा-अर्चना और धार्मिक कार्यक्रमों का सिलसिला शुरू हो जाएगा। देवी मंदिरों और झांकी पंडालों में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच पूरा शहर नौ दिनों तक भक्ति और आस्था के रंग में रंगा नजर आएगा। शनिवार से ही दुर्गा प्रतिमाओं को पूजा पंडालों में ले जाने का सिलसिला प्रारंभ हो गया। जो रविवार को देर शाम तक दुर्गा समिति के लोग प्रतिमाओं को ट्रैक्टर, लोडर वाहन और ऑटो से ले गए।

नवरात्रि के पर्व पर देवनगर में मां महाकाली का ऐतिहासिक आगमन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गैरतगंज

रायसेन जिले के देवनगर में शारदीय नवरात्रि के पावन पर्व पर इतिहास रचा गया। देवनगर की महाकाली का भव्य एवं ऐतिहासिक आगमन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। माँ काली की शोभायात्रा में ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजे और डीजे की धुन पर पूरा नगर भक्तिमय हो गया। आकर्षण का केंद्र पांडा, गोरिल्ला और अन्य प्रकार की मनमोहक झांकियां रहीं, जिन्हें देखने के लिए हजारों की संख्या में श्रद्धालु उमड़े। नगर भ्रमण के दौरान समस्त ग्रामवासियों ने जगह-जगह माँ का स्वागत, पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

पूरा देवनगर जय महाकाली के जयघोष से गूंज उठा। ग्राम किशनपुर में भी माँ का स्वागत, पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। यह भव्य आयोजन देवनगर महाकाली समिति द्वारा किया गया। समिति ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त नगरवासियों का आभार व्यक्त किया है।

खरबई में बनी आरोग्यम केंद्र इमारत की गुणवत्ता पर सवाल, जांच की मांग

नपा में नेता प्रतिपक्ष व कांग्रेस नेता प्रभात चावला ने बिल्डिंग निर्माण कार्य पर जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

सांची विधानसभा क्षेत्र के ग्राम खरबई में करोड़ों रुपए की लागत से बनी आरोग्यम केंद्र की इमारत के घटिया निर्माण की गुणवत्ता को लेकर सवाल उठने लगे हैं। अस्पताल की इमारत की स्थिति को लेकर कांग्रेस पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष प्रभात चावला ने चिंता जताते हुए घटिया बिल्डिंग निर्माण कार्य की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है। उन्होंने सवाल उठाया कि जब भवन निर्माण पर इतनी बड़ी करोड़ों रूपये की राशि खर्च की गई है, तो इसके बाद भी इमारत की स्थिति ऐसी क्यों है? घटिया निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जिम्मेदारी आखिर किसकी है और सरकारी धन के उपयोग की जवाबदेही कौन तय करेगा? कांग्रेस नेता प्रभात चावला ने इस मामले को जनता के पैसे के दुरुपयोग और सरकारी



निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से जोड़ते हुए कहा कि सरकारी योजनाओं के तहत होने वाले इमारतों के घटिया निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं होना चाहिए। जनता के टैक्स से मिलने वाले पैसे का उपयोग पारदर्शिता के साथ खर्च होना चाहिए और प्रत्येक निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों के अनुसार पूरा किया जाना चाहिए।

सोशल मीडिया पर उठाया मुद्दा

प्रभात चावला ने इस मामले को सोशल मीडिया के माध्यम से उठाते हुए लोगों से कहा संबंधित अधिकारियों तक मामला पहुंचे और निर्माण कार्य की गुणवत्ता को लेकर स्थिति स्पष्ट हो सके। उनका कहना है कि जनता को केवल सरकारी इमारत नहीं, बल्कि मजबूत निर्माण और खर्च की गई राशि का जवाब भी मिलना चाहिए।

इनका कहना है....

घटिया आरोग्यम केंद्र खरबई की घटिया इमरत की जांच कराएंगे। नलकूप नहीं खुदने से पानी के इंतजाम भी नहीं हैं। वहीं सड़क निर्माण कराए जाने के बाद लोकार्पण कराया जाएगा।
डॉ दिनेश खत्री सीएमएचओ रायसेन

शीतल गार्डन और प्राइवेट अस्पताल के बाहर पार्किंग से कॉलोनी में बनते हैं जाम के हालात, सुरक्षा गार्ड पर मारपीट का आरोप

1 घंटे सड़क पर बैठे रहवासी, फंसे रहे वाहन, समझाइश पर खुला चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

रायसेन शहर की सबसे पॉश कॉलोनियों में गिनी जाने वाली शीतल गार्डन कॉलोनी में रविवार दोपहर जमकर हंगामा हुआ। गार्डन और एक निजी अस्पताल की अव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था, सुरक्षा में लापरवाही और कॉलोनी के एक युवक के साथ हुई कथित मारपीट के विरोध में रहवासियों का गुस्सा फूट पड़ा। गुस्साए 40 से ज्यादा महिला-पुरुष दोपहर 12 बजे सड़क पर ही बैठ गए और नारेबाजी करते हुए चक्काजाम कर दिया। करीब एक घंटे तक सड़क पर जाम लगा रहा। दोनों तरफ बाइक, कार और ऑटो की लंबी लाइन लग गई, लोग पैदल ही निकलने को मजबूर हुए। सूचना मिलते ही



कोतवाली थाने के टीआई नरेंद्र गोयल और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे।

रोज की पार्किंग ने किया परेशान-कॉलोनी के रहवासियों ने बताया कि शीतल गार्डन कॉलोनी से सटकर एक मैरिज गार्डन और एक निजी अस्पताल संचालित होता है। यहां आने वाले मेहमान और मरीजों के परिजन अपने वाहन कॉलोनी की सड़क पर, घरों के गेट के सामने और मुख्य एंट्री पर ही खड़े कर देते हैं। कई बार कहने के बाद भी मैरिज गार्डन संचालक ने अपनी पार्किंग ठीक नहीं की। जबकि इस प्रायवेट अस्पताल की भी खुद की कोई पार्किंग व्यवस्था नहीं है।

घरों के सामने घंटों खड़े होते हैं वाहन-हालात यह हैं कि सुबह-शाम शीतल गार्डन कॉलोनी के लोगों को अपने ही घर में घुसने के लिए 15-20 मिनट इंतजार करना पड़ता है। क्योंकि निजी हॉस्पिटल के वाहन पार्किंग के अभाव में वाहन मालिक कॉलोनी के मकानों के सामने बेरतीब तरीके से वाहन खड़े कर चले जाते हैं।बच्चों की स्कूल वैन और एंबुलेंस तक अंदर नहीं आ पाती। त्योहारी सीजन में एक मैरिज गार्डन में बुकिंग बढ़ने से समस्या और विकराल हो गई है।

मारपीट की घटना बनी चिंगारी-शनिवार रात इसी बात को लेकर शीतल गार्डन कॉलोनी के एक युवक की गार्डन के सुरक्षा गार्ड से कहासुनी हो गई। आरोप है कि गार्ड ने युवक के साथ मारपीट कर दी। पीड़ित ने इसकी शिकायत की, लेकिन रात तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसी से नाराज लोगों ने रविवार को दोपहर सड़क पर उतरकर विरोध जताने का फैसला किया। महिलाओं ने बताया कि गार्ड रात में शराब पीकर ड्यूटी करते हैं और कॉलोनी की महिलाओं से अभद्रता भी करते हैं। यहां सुरक्षा के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हो रही है।

1731 में जमीन खुदाई में निकली थी पाषाण प्रतिमा

45 डिग्री झुकी गर्दन वाली मां काली कंकाली के मंत्री शिवराज ने किए दर्शन



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

45 डिग्री झुकी गर्दन, अनूठा स्वरूप और चमत्कारी मान्यताएं रायसेन जिले के उमरावगंज के गुदावल स्थित सिद्ध पीठ मां काली कंकाली धाम में शारदीय नवरात्रि के पहले दिन रविवार को श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह 5 बजे मंदिर के पट खुलते ही दर्शन के लिए भक्तों की कतारें लग गईं। जय माता दी...के जयकारों से मंदिर परिसर गूंज उठा। नवरात्रि के पहले दिन केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान भी सपरिवार मां काली कंकाली धाम पहुंचे। उन्होंने मां काली कंकाली की पूजा-अर्चना कर देश और प्रदेश की सुख-समृद्धि व खुशहाली की कामना की। मंदिर समिति ने चुनरी और फूलमालाओं से उनका स्वागत किया।

294 साल पुराना इतिहास झुकी गर्दन है पहचान

मां काली कंकाली धाम की सबसे बड़ी विशेषता देवी की पाषाण प्रतिमा है, जिसकी गर्दन करीब 45 डिग्री झुकी हुई है। मान्यता है कि वर्ष 1731 में जमीन की खुदाई के दौरान यह प्रतिमा निकली थी। उस समय यहां घना जंगल और टीला हुआ करता था। प्रतिमा मिलने के बाद यह स्थान धीरे-धीरे श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र बन गया। मंदिर के पुजारी पंडित भुवनेश्वर भार्गव के अनुसार, मां काली कंकाली यहां बाल स्वरूप में विराजमान हैं। मान्यता है कि भक्तों की पुकार सुनने के लिए मां काली कंकाली देवी ने अपनी गर्दन झुका रखी है। श्रद्धालु सच्चे मन से मांगी गई मन्नत पूरी होने की आस्था के साथ यहां दर्शन करने पहुंचते हैं।

पहले दिन महाकाली स्वरूप में हुआ श्रृंगार

शारदीय नवरात्रि के नौ दिनों तक मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और अनुष्ठान होंगे। प्रतिदिन मां का अलग-अलग स्वरूपों में श्रृंगार किया जाएगा। नवरात्रि के पहले दिन महाकाली स्वरूप में मां का श्रृंगार किया गया। सुबह की आरती और पूजन में रायसेन के समाजसेवी मनोहर मेहरा भी शामिल हुए। दर्शन-पूजन के लिए पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण मंदिर परिसर में मेले जैसा माहौल रहा।

भीड़ बढ़ने के साथ सफाई व्यवस्था पर सवाल

श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या के बीच मंदिर परिसर की सफाई व्यवस्था भी चिंता का विषय बनी हुई है। रायसेन के प्रसिद्ध समाजसेवी मनोहर मेहरा ने मंदिर परिसर में साफ-सफाई की स्थिति पर चिंता जताई। मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष कलेक्टर अरुण विश्वकर्मा हैं। ऐसे में नवरात्रि के दौरान बड़ी संख्या में पहुंचने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखना जरूरी है।

पुरानी बस्तियों के बाजारों में शॉर्ट सर्किट का खतरा, खंभों से हटाएं एक्स्ट्रा तारों के जाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में शारदीय नवरात्रि पर्व की धूम चौतरफा शुरू हो गई है। रविवार को दोपहर बाद विदिशा, रायसेन से पुरानी बस्ती मढ़ई पुरा मालीपुरा नरापुरा गवोई पुरा क्षेत्रों की बड़ी दुर्गा प्रतिमाओं को ट्रालियों से झांकी पंडालों तक ले जाने में झांकी आयोजकों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ा। दुर्गा चौक पुराना बस स्टैंड से लेकर व्यापारी प्रदीप खन्ना के मकान के सामने झुका बिजली खंभों और लटकती केबलों से परेशानी खड़ी हुई। बिजली कंपनी के सिटी जेई प्रांजल शर्मा ने बताया कि शारदीय नवरात्रि पर्व पर बिजली विभाग शहर ने शनिवार को शहर के सबसे व्यस्ततम इलाकों में सघन अभियान चलाकर बिजली के खंभों से लटकते एक्स्ट्रा तारों के जाल को हटाया और झूलते हुए तारों को ऊंचा भी कराया।

भारत माता चौराहे के समीप ट्रांसफार्मर और खंभों में केबलों का जाल कभी भी समस्या खड़ी कर सकते हैं। इन इलाकों में बिजली के तार जर्जर हालत में लटके हुए हैं। कई जगह ट्रांसफॉर्मर के ठीक नीचे ही चाट-पकौड़ी और चाय के ठेले लगे हैं, जहां गैस की भट्टी पर खुलेआम तेल की कड़ाही चढ़ी रहती है। भोपाल के न्यू मार्केट में हुए भीषण अग्निकांड के बाद इन स्थानों पर खतरा और भी बढ़ गया था।

शहर में विभिन्न सामाजिक संगठनों और व्यापारियों द्वारा जगह जगह किया फूल बरसाकर स्वागत

रायसेन में धूमधाम से मनाई महाराजा अग्रसेन जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायसेन

शहर में रविवार को असीम श्रद्धाभक्ति के माहौल धूमधाम से महाराजा अग्रसेन की 518 वीं जयंती मनाई गई। महाराज अग्रसेन जयंती समारोह अग्रवाल समाज कल्याण समिति रायसेन के बैनर तले मनाया गया। बड़े मंदिर में धार्मिक आयोजन हुए।

इस अवसर पर शहर भर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। रविवार की शाम बाज़ेगाजों के साथ डॉ एसी अग्रवाल सागर रोड़ स्थित निवास से निकाली जिसमें अग्रवाल समाज के काफी लोग उत्साह के साथ एक ही सफेद कुर्ता पायजामा लिबास में नजर आए। वहीं अग्रवाल समाज की महिलाएं गुलाबी साड़ियां पहनें दिखाई दीं। वहीं, इस दौरान शोभायात्रा में महाराज धिराज अग्रसेन सहित अन्य की झांकियां भी निकाली गईं। जो शहर के विभिन्न रास्तों व चौक-चौराहों से



होकर गुजरी। झांकियां आकर्षण का केंद्र भी रही। साथ ही जिलेभर में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।महाराजा अग्रसेन जयंती को लेकर पहले से ही कार्यक्रमों की तैयारियां चल रही थी। इसलिए रविवार को जगह-जगह कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसे सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। कार्यक्रमों की तैयारी में जुटे लोगों के अलावा अन्य लोग भी इन कार्यक्रमों में शामिल हुए। जिला मुख्यालय ही नहीं आसपास के एरिया में भी महाराजा अग्रसेन जयंती मनाई गई।

हितैषी थे महाराजा अग्रसेनः डॉ एसी अग्रवाल

महाराज अग्रसेन की जयंती समारोह को संबोधित करते हुए समाजसेवी डॉ एसी अग्रवाल, संगठन जिलाध्यक्ष श्याम अग्रवाल ने कहा कि अग्रकुल प्रवर्तक महाराजा अग्रसेन ने एक ईंट और एक रुपए सिद्धांत की घोषणा की। जिसके अनुसार नगर में आने वाले हर नए परिवार को नगर में रहने वाले प्रत्येक परिवार की ओर से एक ईंट और एक रुपए दिया जाता था। इसका मकसद होता था कि ईंटों से वह अपने घर का निर्माण करें। महाराज अग्रसेन हर जाति व वर्ग के सच्चे हितैषी थे। ध्वज फहराकर दीप प्रज्वलित कर महाराज अग्रसेन की जयंती समारोह मनाया। समाजसेवी डॉ अग्रवाल,समाज अध्यक्ष श्याम अग्रवाल, मनोज, मुकेश वैभव, दिनेश, सुखदेव, संतोष, प्रशांत अग्रवाल, चंद्र मोहन गोयल मौजूद रहे।